[समय: ३ घंटे] **[गुण: १००]**

सूचना: **१. सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**
२. उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक, उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए ।

प्रश्न.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ -सहित व्याख्या कीजिए । २०

क) "स्वयं सुसज्जित करके क्षण में,
प्रियतम को प्राणों के पण में,
हमी भेज देती है रण में -
क्षात्र -धर्म के नाते
सखि, वे मुझसे कहकर जाते ।"

अथवा

"मै सुने में रहता हूँ ऐसी सूना, ।
जहाँ घास उगा रहता है ऊना;
और झाड़ कुद्द इमली के, पीपल के,
अन्धकार जिनसे होता है दूना ।"

ख) "तभी तो कहते है कि इतना पढ़ -लिखकर तुम्हे तमीज नहीं आई । अरे वह दवा थी वेसलीन, वही वेसलीन जिसका घर - घर में प्रचार है ।"

अथवा

"वे हँसने लगे। कहने लगे- "आप ही का घर है। आने की सुचना भेज दीजियेगा। मोटर लेकर स्टेशन आ जायेंगे। तब मित्र ने कहा कि मोटर की क्या जरुरत है ।"

प्रश्न.२ निम्नलिखित प्रश्नो का सविस्तार उत्तर दीजिए । २६

ग) स्नेह निर्झर बह गया कविता का सारांश लिखिए ।

अथवा

जो बीत गई कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए ।

घ) अकबरी लोटा का व्यंग्य लिखिए ।

अथवा

एक रेल सफर की बात व्यंग्य निबंध का सारांश लिखिए ।

प्रश्न.३ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी कीजिए । १४

च) सुख दुःख कविता का भाव सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

अंगद का पाँव का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए ।

15B69B542B56883B4601B357BA7B89AF

प्रश्न.४ दोनों ही भागो से टिप्पणी लिखिए | १०

उ) गीत -अगीत कविता का भाव |

अथवा

कालिदास से कविता का भाव

ऊ) ठंड : आजादी समाजवाद का उद्देश्य

अथवा

सुदामा के चावल का सारांश

प्रश्न.५ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए | १०

१) सिद्धि - हेतु कौन गया था ?
२) आम की डाली कैसी दिखी ?
३) जग किससे अति पीड़ित है?
४) कवि किससे सच-सच बतलाने को कहता है?
५) पागल कहाँ बैठकर रोज गाता था?
६) लाला झाऊलाल को कितना किराया मिलता था?
७) दुनिया किसने देखी है?
८) हम अपना गुस्सा किस पर उतारते है ?
९) सुदामा किसके मित्र थे?
१०) श्री लाल शुक्ल को क्या चलन नापसन्द था?

प्रश्न.६

भाग - अ

ऐ) आपका मित्र तहसीलदार बन गया है, उसे बधाई पत्र लिखिए | १०

अथवा

आपके मुहल्ले में गंदे पानी की आपूर्ति होती है तो नवभारत के संपादक को एक शिकायती पत्र लिखिए |

भाग- ब

कोष्टक की सूचनानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | १०

ओ) वाक्य परिवर्तन किसी दो का कीजिए | ०२

१) बालक पढ़कर सो गया | (संयुक्त वाक्य)
२) रमेश ज्यो ही दौड़ा वह गिर पड़ा | (साधारण वाक्य)
३) श्रेया बीमार है और वह स्कुल नहीं गई | (मिश्र वाक्य)
४) महेश घर नहीं जा रहा है | (विधी वाक्य)

औ) किसी दो वाक्य को शुद्ध लिखिए | ०२

१) हमारे को चाय चाहिए |

२) उन्होंने धोका दिया |

३) शिने में बहुत दर्द है |

४) उसने चोरि किया है |

अं) किसी दो का काल परिवर्तन कीजिए | ०२

१) रमेश पढ़ता है |(अपूर्ण वर्तमान काल)

२) रोशन खेल रहा था | (पूर्ण भूतकाल)

३) मै आज जाऊँगी |(संभाव्य भविष्यत काल)

४) श्रेया अमेरिका गयी | (अपूर्ण भूतकाल)

अ:) किसी दो शब्द की वर्तनी शुद्ध कीजिए | ०२

१) विनध्याचल

२) मुम्बई

३) बहोत

४) साधू

क) किसी दो मुहावरों और कहावतो का अर्थ प्रयोग कीजिए | ०२

१) अंधे की लाठी |

२) घोड़े बेचकर सोना |

३) एक पंथ दो काज |

४) न रहेगा बाँस ना बजेगी बाँसुरी |

****

15B69B542B56883B4601B357BA7B89AE